प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

30 मई 2024

फिनटेक क्षेत्र के स्व-विनियामक संगठन(नों) को मान्यता देने के लिए रूपरेखा

फिनटेक क्षेत्र में स्व-विनियमन को बढ़ावा देने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक ने 15 जनवरी 2024 को 'फिनटेक क्षेत्र के स्व-विनियामक संगठनों (एसआरओ) को मान्यता देने के लिए रूपरेखा का मसौदा जारी किया था, जिसमें हितधारकों से टिप्पणियां और प्रतिक्रियाएँ आमंत्रित की गई थी। प्राप्त इनपुट और उनके परीक्षण के आधार पर 'फिनटेक क्षेत्र के लिए स्व-विनियामक संगठन(नों) को मान्यता देने के लिए रूपरेखा' (एसआरओ-एफटी फ्रेमवर्क) को अंतिम रूप दिया गया है, जोकि संलग्न है।

2. एसआरओ-एफ़टी रूपरेखा के संदर्भ में रिज़र्व बैंक एसआरओ को मान्यता देने की प्रक्रिया शुरू करना चाहता है। तदनुसार, एसआरओ-एफ़टी रूपरेखा की पात्रता शर्तों और अपेक्षाओं को पूरा करने वाले या पूरा करने की इच्छा रखने वाली संस्थाएं आवश्यक संलग्नकों के साथ एक आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकती हैं। "मान्यता" के लिए पात्र आवेदक के नाम(मों) को भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।

(पुनीत पंचोली)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2024-2025/403